ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शुक्रवार 06 दिसम्बर 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 273

संसद में सिंघवी की सीट से 50 हजार कैश मिला:सभापति धनखड़ ने बताया तो खड़गे बोले- नाम लेना ठीक नहीं; भाजपा बोली- जांच हो



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. राज्यसभा में 500 रुपए का बंडल (50 हजार रुपए) मिलने पर शुक्रवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट से नोटों की गड्डी मिली थी। भाजपा ने जांच की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- जांच से पहले किसी का नाम लेना ठीक नहीं है।

धनखड़ ने कहा कि, 'कल (गुरुवार) सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने हमें जानकारी दी कि सीट नंबर 222 से कैश मिला है। यह सीट तेलंगाना से सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को अलॉट की गई है। इस मामले में नियमों के मुताबिक जांच होनी चाहिए और यह हो भी रही है।'

धनखड़ के बयान पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'मैं अनुरोध करता हूं कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती और घटना की प्रामाणिकता स्थापित नहीं होती, तब तक किसी सदस्य का नाम नहीं लिया जाना चाहिए। ऐसा चिल्लर काम करके ही देश को बदनाम किया जा रहा है।'

किरेन रिजिजू बोले- क्या सदन में नोट का बंडल लाना उचित है

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'रूटीन प्रोटोकॉल के मुताबिक एंटी-सैबोटाज टीम ने संसद की कार्यवाही खत्म होने और सदन को बंद करने से पहले सीटों की जांच की थी। इसी दौरान नोट का बंडल मिला। इस पर आपत्ति क्यों होनी चाहिए कि अध्यक्ष सदस्य का नाम न लें। अध्यक्ष ने सही तरीके से उस सीट नंबर और उस सीट पर बैठे सदस्य का नाम बताया। इसमें क्या गलत है? जांच होनी चाहिए।'

भाजपा प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि, 'कांग्रेस नेताओं के पास इतना पैसा है कि वे संसद में बेंच पर बचे हुए पैसे का हिसाब लेने की भी जहमत नहीं उठाते। कांग्रेस, जो हर चीज पर सवाल उठाती थी, आज संसद से बरामद मामले का हिसाब देने से इनकार कर रही है।'

इनका कहना है

मैं जब राज्यसभा जाता हूं तो 500 का सिर्फ एक नोट लेकर जाता हूं। मैंने ऐसा पहली बार सुना है।



मैं सदन में 12:57 पर पहुंचा था। 1 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। मैं 1:30 बजे तक कैंटीन में बैठा था। इसके बाद मैं संसद से चला गया।

अभिषेक मनु सिंघवी
कांग्रेस सांसद

गौतम अडाणी पहुंचे जोधपुर, भाई के बर्थडे का ग्रैंड-सेलेब्रेशन होगा:आज और कल 2 दिन चलेगा समारोह; उम्मेद भवन पैलेस में शंकर महादेवन देंगे प्रस्तुति



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर. अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी आज जोधपुर पहुंचे। वे एयरपोर्ट से सीधे उम्मेद भवन पैलेस पहुंचे। अडाणी अपने भाई राजेश के जन्मदिन के आयोजन में शरीक होने जोधपुर आए हैं। बता दें कि राजेश अडाणी अपना जन्मदिन उम्मेद भवन पैलेस में मना रहे हैं। अडाणी का पूरा परिवार जोधपुर पहुंचा है। आज वेलकम डिनर के साथ आयोजन होगा। कल शनिवार को जन्मदिन का मुख्य आयोजन होगा। इसमें गायक शंकर महादेवन प्रस्तुति देंगे। आयोजन में शरीक होने म्यूजिशियन व सिंगर शंकर महादेवन कल जोधपुर पहुंचेंगे। राजेश अडाणी बिजनेसमैन गौतम अडाणी के बड़े भाई हैं। राजेश अडाणी शनिवार को 60वां जन्मदिन उम्मेद भवन पैलेस में मनाएंगे। आयोजन में अडाणी परिवार सहित कई गेस्ट शरीक होंगे। जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजित यह पार्टी दो दिन चलेगी। शुक्रवार को सिर्फ परिवार वालों के लिए वेलकम डिनर व गेट-टुगैदर रखा गया है। आयोजन को लेकर सिक्योरिटी संभाल रहे मानवेंद्र भटनागर ने बताया- आज फैमिली कार्निवल में परिवार के लोग शामिल होंगे। कल मुख्य गेस्ट हिस्सा लेंगे।

6 दिन पहले जयपुर में IGJA में लिया था हिस्सा

बता दें कि शनिवार 30 नवंबर को गौतम अडाणी ने जयपुर में 51वें इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी अवॉर्ड (IGJA) समारोह में हिस्सा लिया था। इस मौके पर उन्होंने हिंडनबर्ग विवाद और अमेरिका में लगे रिश्वत देने के आरोपों पर पहली बार सार्वजनिक बयान दिया था। उन्होंने कहा था, 'अडाणी ग्रुप के रास्ते में आई हर बाधा उसकी सफलता की सीढ़ी बनी है। आपके सपने जितने बड़े होंगे, दुनिया उतनी ज्यादा आपकी परीक्षा लेती है।'

गुजरात के सूरत में 14 फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

70 हजार में डिग्री देने वाले गिरोह का भंडाफोड़; 8वीं पास भी इलाज कर रहा था



24 न्यूज अपडेट

सूरत. गुजरात पुलिस ने सूरत से डॉक्टरी की फर्जी डिग्री देने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह पिछले 32 साल से कम पढ़े-लिखे बेरोजगारों को 70 हजार में फर्जी डिग्रियां देने का काम कर रहा था। रजिस्ट्रेशन रिन्यू करवाने के लिए 5 हजार रुपए फीस भी लेता था।

इनमें से एक तो आठवीं पास है। वहीं एक फर्जी डॉक्टर शमीम अंसारी भी शामिल है, जिसके गलत इलाज की वजह से कुछ दिन पहले एक बच्ची की मौत हो गई थी। इस मामले में अब तक कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरोह के 2 मुख्य आरोपी डॉ. रमेश गुजराती और बीके रावत के पास से पुलिस को सैकड़ों एप्लिकेशन और सर्टिफिकेट मिले हैं। यह गिरोह अब तक 1200 लोगों को फर्जी डॉक्टरी सर्टिफिकेट दे चुका था।

पुलिस ने खबर मिलने पर पांडेसरा में 3 क्लिनिक पर छापा मारा। जहां इनके पास से बैचलर ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिसिन एंड सर्जरी के सर्टिफिकेट मिले, जिन्हें सूरत के ही 2 डॉक्टरों ने जारी किया था।

इनकी जांच करने पर पता चला कि जो सर्टिफिकेट इन्हें दिया गया था, वह गुजरात सरकार से मान्यता प्राप्त नहीं है। पुलिस के साथ छापा मारने गई टीम ने भी कहा कि डिग्री फर्जी है।

मुख्य आरोपी ने 1990 में की थी इलेक्ट्रो होम्योपैथी की पढ़ाई

पकड़े गए आरोपी डॉ. रमेश गुजराती ने पुलिस के सामने कबूल किया कि उसने 1990 के दशक में BHMS की पढ़ाई की थी। वह कई ट्रस्ट में वक्ता के तौर पर काम करता रहा, लेकिन जब इससे ज्यादा मुनाफा नहीं हुआ तो उसने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में कदम रखा। उसने यह गिरोह इसलिए शुरू किया क्योंकि भारत सरकार या राज्य सरकार ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिए कोई नियम लागू नहीं किए हैं।

गुजराती ने 2002 में गोपीपुरा इलाके में एक कॉलेज शुरू किया था, लेकिन छात्रों की कमी के कारण कॉलेज बंद हो गया। इसके बाद उसने रावत के साथ मिलकर डिग्रियां बेचने का धंधा शुरू कर दिया। रजिस्ट्रेशन वाली वेबसाइट भी फर्जी

रमेश गुजराती को पता चला कि भारत में इलेक्ट्रो-होम्योपैथी के लिए कोई नियम-कानून नहीं हैं। इसके बाद उसने इसी कोर्स में डिग्री देने के लिए एक बोर्ड बनाने की प्लानिंग की। इसके लिए उसने पांच लोगों को काम पर रखा। उन्हें इलेक्ट्रो-होम्योपैथी में ट्रेनिंग दी।

3 की जगह 2 साल में ही डिग्री पूरी करवाकर

उन्हें इलेक्ट्रो-होम्योपैथी दवाएं लिखने की ट्रेनिंग दी। इन्होंने 70 हजार रुपए दिए इसके बाद 15 दिन के अंदर ही उन्हें सर्टिफिकेट दे दिए गए। इनका रजिस्ट्रेशन करने वाली वेबसाइट भी फर्जी थी।

12वीं के छात्र ने प्रिंसिपल को गोली मारी, मौत:छतरपुर में परिजनों से शिकायत करने पर की हत्या; कहा था-अपने बेटे को संभाल लो



24 न्यूज अपडेट

छतरपुर. छतरपुर में 12वीं के छात्र ने प्रिंसिपल की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रिंसिपल सुरेंद्र कुमार सक्सेना की मौके पर ही मौत हो गई। मामला शुक्रवार दोपहर 1 बजे धमौरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल का है। वारदात के बाद आरोपी छात्र प्रिंसिपल की स्कूटी लेकर भाग निकला। पुलिस ने वारदात के कुछ घंटे बाद आरोपी छात्र को नौगांव से पकड़ा।

बताया जा रहा है कि प्रिंसिपल ने उसके पिता को कई बार बुलाकर कहा था कि आपका बेटा अनुशासनहीन है। इसे संभाल लो। जिसके बाद से ही वह प्रिंसिपल से नाराज चल रहा था। आरोपी पिछले एक सप्ताह से कट्टा लेकर स्कूल में आ रहा था। उसने सभी को धमकाया था। उसने कहा था कि प्रिंसिपल और जिस टीचर ने मेरे परिजनों से शिकायत की है, उन्हें जान से मार दूंगा।

छात्रों ने बताया-आरोपी छात्राओं पर कमेंट करता था

पुलिस पूछताछ में स्कूल के छात्रों ने बताया कि आरोपी स्कूल में छात्राओं पर कमेंट कर छेड़छाड़ करता था। इसकी शिकायत छात्राओं ने टीचर और प्रिंसिपल से की थी। प्रिंसिपल ने छात्र को सख्ती से समझाया था, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। इस पर प्रिंसिपल ने उसके परिजनों को स्कूल बुलाकर बेटे की शिकायत की थी। उसने टीचर द्वारा समझाने पर उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी थी।

प्रिंसिपल को बाथरुम में घुसकर मारा

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह छात्र स्कूल आया था। दोपहर में लंच के बाद अचानक से वह सीधे प्रिंसिपल के कक्ष में घुसा, लेकिन प्रिंसिपल वहां नहीं थे। उसने छात्रों से पूछा कि सर कहां हैं तो उसे बाथरुम की ओर जाने का कह दिया। इसके बाद वह तेजी बाथरुम की ओर गया और उन पर पीछे से फायर कर दिया। गोली प्रिंसिपल के सिर में लगी, वे सीधे पीछे की ओर गिरे।

महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र 7 दिसंबर से:कालिदास कोलंबकर प्रोटेम स्पीकर बने; CM बोले- सत्र से पहले मंत्रियों की शपथ होगी



24 न्यूज अपडेट

मुंबई. महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र 7 दिसंबर से शुरू होने वाला है। नई सरकार के गठन के बाद भाजपा विधायक कालिदास कोलंबकर शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर होंगे। नौ बार विधायक रह चुके कोलंबकर को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दोपहर 1 बजे राजभवन में शपथ दिलाई। प्रोटेम स्पीकर बनने के बाद कोलंबकर विधासनसभा सत्र के पहले दिन 288 नव-निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। साथ ही 9 दिसंबर को 15वीं विधानसभा के लिए अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। इसके बाद CM फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार विश्वास मत हासिल करेगी। इससे पहले 5 दिसंबर को देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री और एकनाथ शिंदे–अजित पवार ने उप मुख्यमंत्री की शपथ ली। 23 नवंबर को चुनाव परिणाम आने के 13वें दिन महाराष्ट्र CM का शपथ ग्रहण हो सका। काफी मान-मनौव्वल के बाद डिप्टी CM पद स्वीकार करने वाले शिंदे महाराष्ट्र के दूसरे ऐसे नेता बने, जो CM से डिप्टी CM बने। NCP नेता अजित पवार छठी बार डिप्टी CM बने। वे कांग्रेस, महायुति और महाविकास अघाड़ी सरकार में डिप्टी CM रहने वाले महाराष्ट्र के पहले नेता बन गए हैं। मुख्यमंत्री का चार्ज लेने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

संपादकीय : बेघर लोग

हर वर्ष समूचे देश में जब कड़ाके की ठंड पड़ने लगती है, तब ठिठुरते और इसकी वजह से लोगों की मौत होने की खबरें भी आती हैं। इस मसले पर सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशील लोग और संगठन चिंता जताते हैं तथा सरकार भी इससे सहमत होती है। मगर यह विचित्र है कि ठंड की मार का सामना करने वाले लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार कोई ऐसा दीर्घकालिक उपाय करती नहीं दिखती, ताकि किसी की मौत, हादसे या मौसम की वजह से होने वाली घटना में सिमट कर न रह जाए। दिल्ली और अन्य राज्यों में ऐसे लोगों की खासी संख्या है, जिनके पास रहने का कोई ठौर नहीं है और ठंड के चरम दौर में जब तापमान में काफी गिरावट हो जाती है, तब उनके लिए वक्त काटना और खुद को बीमारी और मृत्यु से बचा लेना एक बड़ी चुनौती होती है। कहने को सरकार की ओर से रैन बसेरे जैसी जो सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं, उसकी सीमाओं के बीच लोग अपने स्तर पर ठंड का सामना करते हैं। इसके बावजूद कई लोगों की जान चली जाती है। सवाल है कि इस हकीकत के बदस्तूर कायम रहने के बीच सरकार का दायित्व क्या है ? घनघोर जाड़े के दिनों में बेघर लोगों के लिए आश्रय गृहों या रैन बसेरों की उपलब्धता सुनिश्चित करना किसकी जिम्मेदारी है? गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय ने भी चिंता जताते हुए कहा कि बहुत जल्दी ठंड बढ़ने वाली है। इसलिए दिल्ली शहरी आश्रम सुधार बोर्ड यानी डीएएसआइबी यह जानकारी पेश करे कि मौजूदा समय में जो आश्रय गृह हैं, वहां कितने लोगों को ठहराया जा सकता है और कितने ऐसे लोग हैं, जिन्हें इस तरह सुविधा की जरूरत पड़ सकती है। शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों को सर्दी की मार के मद्देनजर उपलब्ध आश्रय सुविधाओं के बारे में विस्तृत रपट देने का आदेश दिया । यह छिपा तथ्य नहीं है कि हर वर्ष जाड़ा और बेघर लोगों को ध्यान में रख कर दिल्ली सरकार की ओर जो आश्रय गृह या रैन बसेरे तैयार कराए जाते हैं, वे जरूरत के मुकाबले अपर्याप्त होते हैं। फिर जहां ऐसे रैन बसेरे या आश्रय गृह होते भी हैं, वहां साफ- सफाई का घोर अभाव, असुरक्षित माहौल और अव्यवस्था की वजह से कई जरूरतमंद जाने से भी हिचकते हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि वंचित और गरीब तबकों के लिए सरकार जो व्यवस्था करने का दावा करती है, वह अगर सच नहीं होती, तो इसके लिए कौन जवाबदेह है। जनकल्याण के सिद्धांतों पर आधारित शासन व्यवस्था में एक लोकतांत्रिक सरकार को अपनी ओर से पहल करके कमजोर, वंचित और लाचार लोगों के लिए जरूरत पड़ने पर विशेष व्यवस्थाएं करनी चाहिए। एक रपट के मुताबिक अकेले दिल्ली और आसपास के इलाकों में करीब तीन लाख ऐसे लोग हैं, जो कड़ाके की ठंड, तपती गर्मी और बरसात के दिनों में खुले आसमान के नीचे वक्त गुजारते हैं और उसके थपेड़े सहते रहते हैं रैन बसेरों या आश्रय गृहों के रूप में सरकार जो व्यवस्था करती है, वह इतनी अपर्याप्त होती है कि ज्यादातर लोग उस तक पहुंच भी नहीं पाते। कई बार रैन बसेरे या आश्रय गृहों में फैली अव्यवस्था, गंदगी, असुरक्षा और अराजकता का आलम भी लोगों को उससे दूर करती है। इतना तय है कि बढ़ती सर्दी और तापमान में गिरावट के साथ बेघर लोगों के सामने खुद को बचाने का संकट ज्यादा गहरा होगा। ठंड की मार से लोगों की परेशानी में बढ़ोतरी हो, इससे पहले क्या यह जरूरी नहीं है कि सरकार खुद इस मसले पर कोई व्यापक उपाय करे ?

साइबर सेंध

साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं के बीच मोबाइल फोन का उपयोग करने वालों के लिए जोखिम लगातार बह रहा है। एक और लोगों के डेटा निरंतर चुराने की खबरें आती हैं वहीं अब मोबाइल में बेतहाशा संधमारी होने लगी है। इसका अर्थ है कि लोगों की निजता खतरे में है। बैंकिंग लेन- देन से लेकर उनकी तमाम गतिविधियों पर नजर है। मोबाइल उपयोगकर्ता की सभी जानकारियां पलक झपकते सेंधमारों तक पहुंच जाती है। इसके बाद क्या होता है, यह किसी से छिपा नहीं है। फिलहाल तो इस खबर ने चिंता बढ़ा दी है कि हमारे यहां मोबाइल फोन में सर्वाधिक सेंधमारी हो रही है। 'जेडस्केलर पेटलैब्ज 2024 मोबाइल, आइओटी एंड ओटी थ्रेट रपट' को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसके मुताबिक, दुनिया भर में हुई सेंधमारी के क्रम में भारत में सबसे अधिक अट्ठाईस फीसद हमले हुए मोबाइल उपयोग करने वालों के लिए वह खतरे की घंटी है तो दूरसंचार कंपनियों और मोबाइल निर्माताओं के लिए चेतावनी भी। उन्हें बढ़ते साइबर खतरों के बीच अब सुरक्षा उपाय के लिए नए कदम उठाने होंगे। अंतरजाल की दुनिया में आंख मूंद कर किसी पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जरा-सी लापरवाही मुसीबत में डाल देती है। इसे गंभीरता से लेने की जरूरत इसलिए भी है, क्योंकि आज के दौर में सभी गतिविधियां मोबाइल, लैपटाप अथवा कंप्यूटर में केंद्रित हो गई है। लोग अपने से संबंधित कई संवेदनशील जानकारियां मोबाइल में रखते हैं। एक रपट के अनुसार, वास्तविक बैंकिंग वेबसाइट की हूबहू नकल वाली वेबसाइट तैयार कर ग्राहकों को भ्रमित किया जाता है। किसी अनजान लिंक पर पहुंचते ही साजिशों की घेराबंदी शुरू हो जाती है। मोबाइल 'स्पाइवेयर' से भी सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि यह उपभोक्ताओं की निजी जानकारियां गुप्त तरीके से चुरा लेता है। सबसे बड़ा खतरा वित्तीय धोखाधड़ी का है। आज जब पूरी बैंकिंग मोबाइल में सिमट गई है, तो ऐसे में वह संम्वरी किसी को कभी भी संकट में डाल सकती है। कई बार लोग कुछ ऐप डाउनलोड कर लेते हैं। ताजा रपट में आगाह किया गया है कि कोई दो सौ से अधिक ऐप सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक हैं। ऐसे में लोगों की सजगता ही सुरक्षा की दीवार साबित हो सकती है, मगर सरकार को भी एक ठोस तंत्र बनाने की जरूरत है।

फर्नीचर दुकान की तीसरी मंजिल पर आग, हजारों का सामान राख



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। ऋषभदेव थाना क्षेत्र में कीका भाई धर्मशाला रोड पर स्थित शिव कृपा फर्नीचर शॉप में आज आग लग गई। दुकान की तीसरी मंजिल पर दोपहर में अचानक आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। आग से वर्कशॉप में रखी फर्नीचर बनाने की मशीन, कटर मशीन सहित सोफे, बैड आदि जलकर राख हो गए। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हादसे में करीब 6 से 7 लाख रुपए का नुकसान हो गया। वर्कशॉप में एक मजदूर फर्नीचर का काम कर रहा था। बाकी लोग बाहर किसी काम से गए थे। अचानक आग लगी और कुछ ही देर में आग की लपटें तेज हो गईं। तुरंत मजदूर जान बचाकर बाहर दौडा चला आया व आसपास लोगों से मदद मांगी। लोगों ने अपने स्तर पर इधर-उधर से पानी लाकर करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उपखंड कार्यालय और नगर पालिका है लेकिन अब तक फायर बिग्रेड नहीं है। इससे पहले भी यहां कई बार बड़ी आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें बड़ा नुकसान उठाया पड़ा है। समय रहते आग बुझाई जाती तो नुकसान कम हो सकता था लोगों ने आक्रोष जताते हुए फायर बिग्रेड की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

कार की टक्कर से महिला की मौत

परिजनों ने किया हंगामा, मौताणा के बाद शव लेने के लिए माने



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. डूंगरपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में सीमलवाड़ा रोड पर गांधीनगर कॉलोनी के पास एक ईको कार की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला की मौत पर परिजनों ने हंगामा कर लिया। वहीं मौताणा की मांग को लेकर अड़ गए। मौताणा पर समझौते के बाद ही परिजन पोस्टमॉर्टम के लिए माने। पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है। कोतवाली थाने के हेड कॉन्स्टेबल तेजबहादुर सिंह ने बताया कि विकेश डिंडोर निवासी बोरी केतन फला की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। इसमें बताया कि उसकी मां मणि डेंडोर (67) गुरुवार शाम के समय अपने घर से गांधीनगर कॉलोनी की ओर जा रही थी। उसी दौरान महेश के घर के पास पहुंचते ही पीछे की और से एक कार ने चपेट में ले लिया। हादसे में बुजुर्ग महिला मणि गंभीर घायल हो गई। जिस पर महिला को डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। शव को डूंगरपुर अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया। महिला के माथुगामडा से पीहर और बोरी से ससुराल पक्ष के लोग इकट्ठे हो गए। परिजन महिला की मौत पर मौताणा की मांग पर अड़ गए। डेढ़ लाख रुपए तक मौताणा की मांग रखी गई। दोनों पक्षों के बीच बातचीत होती रही और दोपहर तक समझौता हो गया। इसके बाद बेटे की रिपोर्ट पर पुलिस ने हादसे का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

राज्यसभा सांसद ने उठाया ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 6 दिसम्बर। राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने बिछीवाड़ा और ऋखभदेव रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी और रेलवे मंत्री के प्रयासों से उदयपुर-असारवा (अहमदाबाद) तक रेल आमान परिवर्तन कर रेल मार्ग शुरू करवाया गया है। इस रेल मार्ग पर कई ट्रेन शुरू भी की गई जिसमें ट्रेन नम्बर 12981 जयपुर-असारवा, ट्रेन नम्बर 12982, असारवा-जयपुर, ट्रेन नम्बर 19821 कोटा-असारवा, ट्रेन नम्बर 19822 असारवा-कोटा भी प्रमुख हैं। इस रेल मार्ग पर दो प्रमुख रेलवे स्टेशन पडते हैं, पहला ऋषभदेव जो प्रसिद्व भगवान ऋषभदेव मंदिर जाने के लिए देश भर से यात्री आते है, दूसरा है बिछीवाडा जो गुजरात राज्य से सटा हुआ है और नेशनल हाइवे संख्या 48 इसी उपखण्ड से गुजरता है। प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में यात्रियों की आवाजाही रहती है। बिछीवाडा एक इन्डस्ट्रीयल एरिया भी है और गुजरात राज्य से प्रवेश करते ही पहला बडा रेलवे स्टेशन है, परन्तु ऋखभदेव और बिछीवाडा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12981, 12982, 19821, 19822 का ठहराव नहीं दिया गया। इससे प्रतिदिन हजारों की संख्या में पर्यटक, मजदूर वर्ग, व्यापारी वर्ग, स्कुली छात्र-छात्राएं काफी परेशान रहते हैं। राज्यसभा सांसद ने उक्त ट्रेन का ठहराव ऋखभदेव एवं बिछीवाडा रेलवे स्टेशन पर अतिशीघ्र किए जाने की मांग रखी।

विशाल अति लक्ष्मीनारायण यज्ञ के साथ हुआ जे.के. सीमेन्ट के स्वर्ण जयन्ती महोत्सव का आगाज



24 न्यूज अपडेट

जे. के. सीमेन्ट ग्रुप द्वारा निम्बाहेड़ा प्लान्ट के स्वर्ण जयन्ती महोत्सव अर्थात प्लान्ट के 50 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर 07 दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत आज कारखाना परिसर में स्थित लाला कमलापत सिंघानिया पब्लिक स्कूल के फुटबाल ग्राउण्ड पर बनारस से पधारे आचार्य श्री त्रिलोकीनाथ जेटली के सानिध्य में 51 पण्डितों द्वारा अति लक्ष्मीनारायण यज्ञ का शुभारम्भ किया गया ।

इस अवसर पर जे. के. सीमेन्ट की चैयरपरसन श्रीमती सुशीला सिंघानिया, प्रबन्ध निदेशक श्री राघवपत सिंघानिया, संयुक्त प्रबन्ध निदेशक श्री माधवकृष्ण सिंघानिया एवं सिंघानिया परिवार के सभी सदस्य पूजा में शामिल हुये और यज्ञ में आहुतिया दी ।

आचार्य श्री त्रिलोकीनाथ जेटली ने बताया कि निखित भूमण्डल में भारत देश सदा से ज्योति का केन्द्र रहा है। प्रकाश की किरणें समस्त दिशाओं एवं दिगन्तरालों में यही से फैली है। यह प्रकाश रूपी ज्ञान आर्ष ग्रन्थ वेदों में निहित है और यह वैदिक परम्परा शाश्वत एवं सनातन है । वैदिक परम्परा का मूलभूत तत्व यज्ञ है। "गीता" में यज्ञ को जीवन का मूल बताया गया है ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक श्री श्रीचन्द कृपलानी उपस्थित रहे। सांयकाल में भव्य आरती हुई और भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसके दौरान चितौड़गढ़ विधायक श्री चन्द्रभान सिंह आक्या उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि दिनांक 12 दिसम्बर 2024 तक प्रतिदिन यज्ञ चलेगा और नित नये धार्मिक अनुष्ठान एवं कार्यक्रम होगें तथा दिनांक 12 दिसम्बर 2024 को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी और इस अवसर पर निम्बाहेड़ा वासियों को आशीर्वाद देने के लिये श्रीनाथ जी मन्दिर, नाथद्वारा के तिलनायक श्री विशाल बाबा उपस्थित रहेगें ।

कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया ने इस अवसर पर भावुक होकर कहा कि निम्बाहेड़ा हमारा घर है और आज हम पूर्व और वर्तमान कर्मचारियों एवम् स्थानीय नागरिकों के आभारी है, जिन्होनें 50 वर्ष की सफल यात्रा में हमारा पूरा साथ दिया है । दिनांक 07 दिसम्बर को चितौड़गढ़ सांसद श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, राजस्थान सरकार के मन्त्री श्री गौतम दक एवम् बेंगू विधायक श्री सुरेश धाकड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगें ।

दंपती से आईफोन, मोबाइल, चैन व कॉन के टॉप्स लूट का आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़, 06 दिसम्बर। कपासन थाना क्षेत्र में हाईवे पर मोटर साईकिल सवार दंपती को रूकवा कर महिला से आईफोन मोबाईल, चैन व कान के टॉप्स लूट के मामले में कपासन थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से लूटा गया एप्पल कम्पनी का मोबाईल एंव सोने की चैन का एक हिस्सा बरामद किया गया है। गिरफतार आरोपी उच्च दर्ज का बदमाश होकर पूर्व में लूट एवं शराब तस्करी के मामलों में लिप्त रह चुका है। जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि गत 14 अक्टूबर को दोपहर एक महिला अपने पति के साथ आर.एन.टी कॉलेज कपासन से अपने घर कांकरिया जा रही थी। कपासन में हाई वे के पास में स्थित दुर्गा माता मन्दिर के पास पहुंचे, तो पीछे से दो जवान उम्र के व्यक्ति मोटर साईकिल लेकर आये और उनकी मोटर साईकिल के आडे लगा उन्हें रूकवा कर दोनों ने उसे व उसके पति को चाकु दिखा डरा धमका कर उसका मोबाईल आईफोन एप्पल एंव उसके गले में पहनी सोने की चैन करीब एक तोला व कान में पहने सोने के टॉप्स करीब तीन ग्राम छीन कर अपनी मोटर साईकिल से भाग गये। जिस पर पुलिस थाना कपासन पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। दम्पति से हुई उक्त लूट की वारदात का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार करने व माल बरामद करने के लिए एएसपी सरिता सिंह व डीएसपी कपासन हरजी लाल यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी कपासन रतन सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में थाने के उप निरीक्षक लादूलाल, कानि. महेन्द्र सिंह, वेदप्रकाश व पप्पूराम द्वारा तकनीकी रूप से अनुसंधान करते हुए लूट की वारदात करने वाले कपासन थाने की मेवदा कॉलोनी निवासी दो आरोपियों पिन्टू उर्फ पोमा पुत्र देवीलाल कंजर एंव रोशनलाल को नामजद कर तलाश कर आरोपी पिन्टू उर्फ पोमा पुत्र देवीलाल कंजर से पूछताछ कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया हैं। उक्त घटना में लूटा गया माल एप्पल कम्पनी का मोबाईल एवं सोने की चैन के एक टुकडे को आरोपी के घर से बरामद किया गया। विस्तृत अनुसंधान किया जा रहा है। आरोपी रोशनलाल उर्फ प्रकाश कंजर की तलाश जारी है।

संशोधित पुलिस रिव्यू चयन सूची पर किया चयन

24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर, 6 दिसम्बर। पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर के द्वारा कानि. (उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा) जिला डूंगरपुर के पदों पर भर्ती के लिए वर्ग, लिंगवार रिक्त रखे गए पदों पर रिव्यू कार्यवाही के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान जयपुर के द्वारा पूर्व में गठित चयन बोर्ड को अधिकृत करने पर चयन बोर्ड द्वारा 29 नवम्बर 2024 को रिव्यू बोर्ड की कार्यवाही कर अभ्यर्थियों का संशोधित रिव्यू चयन सूची पर चयन किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक, डूंगरपुर श्रीमती मोनिका सेन ने बताया कि रोल नंबर 1022142 हरिशचन्द्र यादव रतनलाल यादव, रोल नंबर 1021459 सुमन वर्मा मनजी वर्मा, रोल नंबर 1021507 ज्योति कुमारी कटारा लक्ष्मणलाल कटारा तथा रोल नंबर 1021405 अरविन्द मनात नाथूलाल मनात का चयन किया गया है। चयन सूची विभागीय वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है। कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक, डूंगरपुर (वसुन्धरा विहार परिसर) एवं पुलिस लाइन, डूंगरपुर के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा की जा रही है। परीक्षा परिणाम के प्रकाशन में पूर्णरूप से सावधानी बरती गई है, फिर भी कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक, डूंगरपुर की सूचना को ही अधिकृत माना जाए।

राष्ट्रीय निगम योजना के ऑनलाईन आवेदन अब 31 दिसम्बर तक

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 6 दिसम्बर। वर्ष 2024-25 के लिए राष्ट्रीय निगम ऑनलाईन पॉर्टल पर आवेदन करने की तिथि 31 दिसम्बर 2024 तक बढा दी गई है। इससे राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी, राष्ट्रीय पिछडा वर्ग एवं राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं के तहत् ऋण के लिए आवेदन किए जा सकेंगे। अनुजा निगम के सहायक परियोजना प्रबंधक ने बताया कि निगम की योजनाओं में आवेदक राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति, अन्य पिछडा वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदक की आय 3 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिये। सफाई कर्मचारी एवं दिव्यांगजन के लिए आय सीमा की बाध्यता नहीं है। योजनान्तर्गत लघु व्यवसाय शहरी एवं ग्रामीण, महिला समृद्धि योजना शिक्षा ऋण योजना, डेयरी, जीप, ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा इत्यादि के लिए आवेदन किए जा सकेगें। प्रार्थी स्वयं अपनी की एसएसओ आईडी द्वारा या ई मित्र पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं किसी ऋणदात्री संस्था का ऋणी नहीं होने की स्वघोषणा स्केन करके साथ में अपलोड करनी होगी।

दो दिवसीय ओरियन्टेशन प्रशिक्षण आज से

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 6 दिसम्बर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की दो नवीन योजनाओं के लिए गठित युनिट सदस्यों का दो दिवसीय ओरियन्टेशन प्रशिक्षण 7 दिसम्बर को सुबह 10 बजे विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञानप्रकाश गुप्ता के आतिथ्य में जिला परिषद सभागार में प्रारंभ होगा। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा दो नाल्सा योजनाएं प्रारंभ की हैं, जिसके तहत जिला स्तर पर प्रत्येक योजना के लिए जिला स्तरीय युनिट का गठन किया गया है। प्रत्येक युनिट में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त 35 सदस्यों को सम्मिलित किया गया है। सेवानिवृत न्यायिक अधिकारी को भी उक्त युनिट में सदस्य के रूप में शामिल किया है। उक्त गठित युनिट में उदयपुर मुख्यालय एवं तालुकाओं के पैनल अधिवक्तागण एवं पीएलवी को भी सम्मिलित किया गया है। कानूनी सेवाएं योजना 2024 के तहत गठित युनिट मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों को कानूनी एवं अन्य सहायता प्रदान करेगी। बच्चो के लिए बालमैत्री पूर्ण कानूनी सेवाएं योजना 2024 के तहत गठित युनिट विधि से संघर्षरत एवं विधि से संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं को मुफ्त कानूनी एवं अन्य सहायता मुहैया करेगी। प्रशिक्षण में पैनल अधिवक्तागण, पैरालीगल वॉलेन्टियर्स एवं डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउन्सलिंग भाग लेगें।

किरोड़ी बोले-मेरी सरकार में मेरे खिलाफ ही मामला दर्ज हुआ:मुख्यमंत्री बता सकते हैं किसके इशारे पर किया; सीआई पर कार्रवाई नहीं हो रही



24 न्यूज अपडेट


जयपुर. राइजिंग राजस्थान से पहले भजनलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा अपनी ही सरकार के खिलाफ हो गए हैं। आज (शुक्रवार) को प्रेस क्लब में मीडिया से बात करते हुए किरोड़ीलाल मीणा ने कहा- मेरी सरकार में मेरे ही खिलाफ मुकदमा दर्ज हो रहा है। सीआई कविता शर्मा इतनी असरदार है कि कांग्रेस के शासनकाल में भी उसका बाल बांका नहीं हुआ। अभी भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मंत्री किरोड़ी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भाषण की क्लिप दिखाते हुए कहा- भारतीय नागरिक संहिता पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने एक सभा में कहा था कि कोई भी पुलिस अधिकारी किसी भी व्यक्ति को बिना लिखित में सूचना दिए हिरासत में नहीं ले सकता है। सरकार मेरी है तो क्या मैं अन्याय सहन कर लूंगा। किरोड़ी ने कहा- सीआई कविता शर्मा देर रात एक युवती मंजू शर्मा और ममता गुर्जर को जबरन उठाने गई थी। मुझसे गलती हो गई कि मैं उन्हें बचाने के लिए मौके पर चला गया। आगे से मैं मौके पर नहीं जाऊंगा, क्योंकि ऐसा करने पर मेरे खिलाफ ही मामला दर्ज कर लिया गया। मुख्यमंत्री बता सकते हैं किसके इशारे पर मामला दर्ज हुआ मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कहा- मेरे खिलाफ जो मामला दर्ज हुआ है, उसके बारे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ही बता सकते हैं। किसके कहने पर और किसके इशारे पर मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मैं तो बीएनएसएस में जो प्रावधान है, उसके तहत मंजू शर्मा और अनीता गुर्जर को बचाने गया था।

उन्होंने कहा- सीआई कविता शर्मा मंजू शर्मा के घर में जबरन घुसी। उसके माता-पिता ने उन्हें मना भी किया। वह जबरन घुसकर मंजू शर्मा को उठा लाई। इससे उसकी दादी दहशत में आ गई। आज उसकी दादी की मौत हो गई है। मंजू शर्मा की दादी की मौत के लिए जिम्मेदार एसएचओ कविता शर्मा है। उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

प्रदेश अध्यक्ष से पूछ कर नाम का खुलासा करूंगा

मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा की कविता शर्मा को कौन-कौन से अधिकारी और नेता बचा रहे हैं। इसका खुलासा भी मैं जल्द करूंगा। उन्होंने कहा- मैं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से पूछने के बाद आप लोगों को बताऊंगा कि सीआई कविता शर्मा को कौन-कौन से अधिकारी अब तक बचाते आए हैं। वहीं कौन-कौन से नेता इसमें शामिल है।


गूगल मैप ने फिर दिया धोखा, रात भर घने जंगल में फंसा रहा बिहार का परिवार



24 न्यूज अपडेट

नेशनल डेस्क. गूगल मेप से बचकर रहें। कभी भी धोखा दे सकता है। बेलगावी (कर्नाटक): बिहार का एक परिवार जो गूगल मैप्स का उपयोग कर कार से यात्रा कर रहा था, वो खानपुर तालुक में भीमगड़ा वन्यजीव अभयारण्य के घने जंगल में रास्ता भूल गया और पूरी रात भटकता रहा। खानपुर पुलिस की मदद से आखिरकार बचा लिया गया। बुधवार को गूगल मैप का उपयोग करके यात्रा कर परिवार लौट रहा था। आधी रात को शिरोली और हेमदागा के बीच मुख्य सड़क से 7-8 किलोमीटर दूर घने जंगल में गूगल मैप लेकर चला गया। वहां मोबाइल नेटवर्क बंद हो गया। अंधेरे में फंसा राजदास का परिवार बेहद चिंतित था। राजदास ने पूरी रात वहीं बिताई और परिवार के सदस्यों का हौसला बढ़ाया। गुरुवार सुबह जब जहां थे, वहां से तीन-चार किलोमीटर दूर आए तो मोबाइल नेटवर्क मिला। तुरंत 100 नंबर पर कॉल किया और पुलिस कंट्रोल रूम से संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि वे संकट में थे और अपना रास्ता नहीं खोज पा रहे थे। खानपुर थाने के पीआई मंजूनाथ नायक, 112 वाहन प्रभारी एएसआई बडीगेरा, हेड कांस्टेबल जयराम हम्मन्नावारा, कांस्टेबल मंजूनाथ मुसली और स्टाफ ने तुरंत कार्रवाई की और राजदास की लाइव लोकेशन की मदद से उनकी लोकेशन का पता लगाया. स्थानीय लोगों की मदद से उनसे संपर्क करने वाली पुलिस बाद में मौके पर पहुंची और उन्हें मुख्य सड़क तक पहुंचाया. इसके बाद उन्होंने गोवा तक की उनकी यात्रा सुगम बनाई।

सांवरा सेठ को मुंबई के भक्त ने भेंट किए 11 लाख के हार



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। मेवाड़ के कृष्णधाम सांवलियाजी में एक श्रद्धालु ने हीरे मोती जड़े हुए सोने से बनी हुई गले में पहनने के 2 हार भेंट किए। इनमें 55 ग्राम सोना भी लगा हैं। इन दोनों हार की कीमत करीब 11 लाख रुपए बताई गई हैं। भक्त ने अपना नाम गुप्त रखा हैं। भक्त की मुंबई में ज्वेलरी शॉप हैं। इसके अलावा बढ़ते चढ़ावे को देखते हुए मंदिर मंडल की ओर से बड़ा दानपात्र बनाया जा रहा है। इसमें चांदी की पतरे लगाने का काम शुरू हो चुका है। चित्तौड़गढ़ में मंडफिया स्थित श्री सांवलिया जी में लाखों भक्त आते है। सिर्फ राजस्थान से ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल सहित कई देश विदेश से भक्त आते है। सभी भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने पर अपने श्रद्धा के अनुसार चढ़ावा चढ़ाते है। ऐसे ही मुंबई में जेम्स एंड ज्वेलरी का व्यापार करने वाले एक श्रद्धालु परिवार ने सांवलियाजी पहुंचकर मंदिर के भेंट कक्ष में 2 हार अर्पित किए। जिसमें एक 7 लड़ियों वाला मोतियों का हार और दूसरा 3 लड़ियों वाला कान के कुंडल सहित बना हार है। इन दोनों हार को बनाने में करीब 55 ग्राम सोना, हीरा, पन्ना और मोती आदि रत्नों का उपयोग किया गया। इसकी कीमत श्रद्धालु ने 11 लाख रुपए बताई है। भक्त ने अपना नाम बताने से इंकार किया है। भेंट करने वाले श्रद्धालु परिवार का सांवलियाजी मंदिर मंडल की ओर से अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर, बोर्ड सदस्य भैरूलाल सोनी, प्रशासनिक अधिकारी द्वितीय नंदकिशोर टेलर, भेंट कक्ष प्रभारी शंकर लाल पाटीदार आदि ने सांवलियाजी की छवि प्रसाद और उपरणा भेंटकर स्वागत किया।

11 साल पुराने एकल-पट्टा प्रकरण में HC में सुनवाई शुरू:विधायक धारीवाल सहित तीन पूर्व अफसर है आरोपी, सुप्रीम कोर्ट ने दिए थे निर्देश



24 न्यूज अपडेट

जयपुर.करीब 11 साल पुराने एकल पट्टा प्रकरण में हाईकोर्ट ने एक बार फिर से सुनवाई शुरू कर दी हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद आज मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव की एकलपीठ में मामले की सुनवाई शुरू हुई। प्रकरण में विधायक शांति धारीवाल सहित यूडीएच विभाग के तीन पूर्व अफसरों पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। हाईकोर्ट ने आज सभी पक्षों को मामले में अतिरिक्त दस्तावेज पेश करने और आरटीआई एक्टिविस्ट अशोक पाठक को इंटरनीवर बनने के लिए प्रार्थना पत्र पेश करने को कहा है। अदालत ने जनवरी के अंतिम सप्ताह में मामले को फाइनल सुनवाई के लिए रखा है। दरअसल, अशोक पाठक की एसएलपी पर सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के दो आदेशों को रद्द करते हुए फिर से मामले की सुनवाई करने के निर्देश दिए थे।

पहले हाई कोर्ट ने केस वापस लेने का माना था सही

सुप्रीम कोर्ट ने 5 नवम्बर को हाईकोर्ट के 17 जनवरी 2023 और 15 नवंबर 2022 को दिए दोनों आदेश रद्द कर दिए थे। 17 जनवरी के आदेश से हाईकोर्ट ने तत्कालीन एसीएस जीएस संधू, डिप्टी सचिव निष्काम दिवाकर और जोन उपायुक्त ओंकारमल सैनी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई को बंद कर दिया था।

दरअसल, एसीबी की दो क्लोजर रिपोर्ट को एसीबी कोर्ट ने खारिज करते हुए 18 अप्रैल 2022 को कुछ बिंदुओं पर डीआईजी स्तर के अधिकारी से जांच कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद एसीबी की ओर से 19 जुलाई 2022 को तीसरी क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गई थी। इसमें भी एसीबी ने एकल पट्टा प्रकरण में किसी भी तरह अनियमितताएं नहीं पाई थीं।

इस पर एसीबी ने कोर्ट से इन आरोपियों के खिलाफ दायर चार्जशीट को वापस लेने की एप्लिकेशन लगाई थी। इसे एसीबी कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इनकी अपील पर 17 जनवरी 2023 को हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के संधू, दिवाकर और सैनी के खिलाफ केस वापस लेने को सही माना था।

धारीवाल को भी हाईकोर्ट से मिली थी राहत

इस पूरे मामले में परिवादी की ओर से शांति धारीवाल को भी आरोपी बनाने का प्रार्थना पत्र लगाया गया था। इसके खिलाफ धारीवाल ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। इस पर हाईकोर्ट ने धारीवाल को राहत देते हुए 15 नवंबर 2022 को एसीबी कोर्ट में चल रही प्रोटेस्ट पिटिशन सहित अन्य आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया था। धारीवाल की ओर से कहा गया था कि उनका एफआईआर से लेकर चालान में कहीं भी नाम नहीं है। एसीबी की ओर से पेश क्लोजर रिपोर्ट में भी उनके खिलाफ कोई अपराध प्रमाणित नहीं माना गया। लेकिन, उसके बाद भी एसीबी कोर्ट ने प्रकरण में अग्रिम जांच के आदेश दिए, जो कि गलत है।

आईआरसीटीसी का महाकुंभ का पैकेज, 28 हजार 340 रुपए में 6 दिन की यात्रा, 24 जनवरी को उदयपुर से रवाना होगी रेलगाड़ी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। महाकुंभ की यात्रा अब आईआरसीटीसी करवा रहा है। यह ट्रेन 24 जनवरी को उदयपुर से रवाना होकर चित्तौड़गढ़, चंदेरिया, भीलवाड़ा, अजमेर किशनगढ़, फुलेरा, जयपुर, बांदीकुई, अलवर, मथुरा, आगरा से होते हुए काशी विश्वनाथ-वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या जाएगी। 29 को वापसी होगीव इस दौरान कुंभ त्रिवेणी संगम, काशी विश्वनाथ मंदिर, संकट मोचन, हनुमान मंदिर, तुलसी मानस मंदिर, राम जन्मभूमि मंदिर हनुमानगढ़ी व गंगा आरती के दर्शन करवाए जाएंगे। 6 दिनों की इस सफर में यात्री को स्टैंडर्ड कैटेगरी के लिए 28 हजार 340 रुपए और इकोनॉमी स्लीपर कैटेगरी के लिए 20 हजार 375 रुपए का पैकेज रखा गया हैं। दोनों ही कैटेगरी में कंफर्म बर्थ के साथ-साथ होटल रूम्स, खानपान सेवा, ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबंधक, योगेंद्र सिंह गुर्जर ने मीडिया को बताया कि हर 12 साल में देश के 4 पवित्र स्थान पर महाकुंभ आयोजित होता है। श्रद्धालु आत्मिक शुद्धता और आध्यात्मिक काम के लिए एकत्रित होते हैं। प्रयागराज महाकुंभ गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम पर लाखों श्रद्धालु आने वाले है। महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक धरोहर एकता और आस्था का एक शक्तिशाली प्रतीक है। इसी उत्साह को देखते हुए भारतीय रेलवे के उपक्रम इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (प्त्ब्ज्ब्) ने तीर्थ यात्रा का एक नया प्लान जारी किया है। यह यात्रा यात्रियों के महाकुंभ को लेकर उत्साह को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। यह रहेगा पूरा कार्यक्रम 24 जनवरी 2025 को उदयपुर, चित्तौड़गढ़ चंदेरिया, भीलवाड़ा, अजमेर किशनगढ़, जयपुर, बांदीकुई, अलवर, मथुरा, आगरा होते हुए 25 जनवरी को बनारस पहुंचेगी। यहां पर यात्रियों को गंगा आरती के दर्शन करवाए जाएंगे। रात को विश्राम बनारस में रहेगा। 26 जनवरी को नाश्ते के बाद बस से यात्रियों को प्रयागराज के लिए रवाना किया जाएगा। प्रयागराज में पहुंचने के बाद यात्रियों के लिए महाकुम्भ ग्राम में टेंट में ठहरने, भोजन की व्यवस्था रहेगी। भोजन के बाद यात्रियों को कुंभ के लिए भेजा जाएगा और रात को विश्राम भी टेंट में रहेगा। 27 दिसंबर को यात्रियों को वाया रोड वाराणसी के लिए भेजा जाएगा। यहां पर यात्रियों को काशी विश्वनाथ मंदिर, संकट मोचन, हनुमान मंदिर और तुलसी मानस मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। रात को वाराणसी में ही रुकने की व्यवस्था की गई। 28 जनवरी को ट्रेन के द्वारा अयोध्या ले जाया जाएगा। वहां राम जन्मभूमि और हनुमान गढ़ी के दर्शन के बाद यात्रियों को लेकर ट्रेन वापस रवाना होगी और 29 दिसंबर को वापस उदयपुर पहुंचेगी। यह यात्रा 6 दिन 5 रात की होगी। इस पैकेज की बुकिंग सुविधा IRCTC की वेबसाइट www.irctctourism.com पर उपलब्ध है।



उदयपुर कलेक्टर आवास परिसर से चंदन चुराने वाला 8 साल बाद आया पकड़ में



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ के गगूंकुण्ड स्थित इस्कॉन मन्दिर का तृतीय पाटोत्सव को तीन दिवसीय श्री ब्रह्मोत्सवम् के रूप मे मनाया जायेगा। इस्कॉन अध्यक्ष मायापुर वासी दास ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा जी को तीन वर्ष पूर्व गीता जयन्ती पर बड़े धूमधाम से विराजित किया था। उसी उपलक्ष्य मे 8,10 एंव 11 दिसम्बर को तृतीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य मे तीन दिवसीय ब्रह्मोत्सवम् के अन्तर्गत प्रातःकाल 8 बजे एंव सायंकाल पांच बजे से भजन कीर्तन छप्पन भोग प्रसाद आरती के अलावा वृन्दावन से पधार रहे पूज्य श्री भक्ति प्रचार परिव्राजक स्वामी महाराज तथा पूज्य श्री भक्ति केवल गोपेन्द्र कृष्ण स्वामी महाराज के श्रीमुख से विशेष कथा का श्रवणपान होगा। 11 दिसम्बर गीता जयन्ती को प्रातः 8 बजे से सामुहिक सस्वर सम्पूर्ण भगवत् गीता पाठ का आयोजन होगा। तीनो दिन सभी भक्तो के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था रहेगी।इस्कॉन मन्दिर पाटोत्सव मे 3 दिवसीय श्री ब्रह्मोत्सवम् होगा गीता जयन्ती पर सम्पूर्ण भगवद् गीता पाठ होगा उदयपुर, अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ के गगूंकुण्ड स्थित इस्कॉन मन्दिर का तृतीय पाटोत्सव को तीन दिवसीय श्री ब्रह्मोत्सवम् के रूप मे मनाया जायेगा। इस्कॉन अध्यक्ष मायापुर वासी दास ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा जी को तीन वर्ष पूर्व गीता जयन्ती पर बड़े धूमधाम से विराजित किया था। उसी उपलक्ष्य मे 8,10 एंव 11 दिसम्बर को तृतीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य मे तीन दिवसीय ब्रह्मोत्सवम् के अन्तर्गत प्रातःकाल 8 बजे एंव सायंकाल पांच बजे से भजन कीर्तन छप्पन भोग प्रसाद आरती के अलावा वृन्दावन से पधार रहे पूज्य श्री भक्ति प्रचार परिव्राजक स्वामी महाराज तथा पूज्य श्री भक्ति केवल गोपेन्द्र कृष्ण स्वामी महाराज के श्रीमुख से विशेष कथा का श्रवणपान होगा। 11 दिसम्बर गीता जयन्ती को प्रातः 8 बजे से सामुहिक सस्वर सम्पूर्ण भगवत् गीता पाठ का आयोजन होगा। तीनो दिन सभी भक्तो के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

स्कूली छात्रा से रेप कर गर्भवती करने वाले को 20 साल की जेल



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. बांसवाड़ा। 10वीं कक्षा की छात्रा ने पुलिस को बताया कि रिश्ते में भाई की शादी में उसे पूनमचंद मिला था। पूनमचंद से मोबाइल पर उसकी बातचीत होती रहती थी। अप्रैल 2019 में अभियुक्त ने बातचीत करने उसके घर बुलाया। उसे शादी का झांसा दिया और दुष्कर्म किया। पूनमचंद के मना करने पर पीड़िता ने घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। इसके बाद पूनमचंद ने पीड़िता को उसके घर बुलाकर 2-3 बार दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे पता चला कि वह गर्भवती हो गई है तो उसने बात पूनमचंद को बताई। पूनमचंद ने शादी करने से इनकार कर दिया व पीड़िता को दानपुर बाजार में बुलाया और गोलियां खाने को दी, जिससे किशोरी की तबीयत खराब हो गई। पीड़िता के परिजन रतलाम अस्पताल लेकर आए। जांच के बाद डॉक्टर ने बताया कि उसके ढाई माह का गर्भ है। इसके बाद थाना स्टेशन रोड, रतलाम में रिपोर्ट दी। बांसवाड़ा क्षेत्र का मामला होने से पुलिस मुख्यालय अपराध अनुसंधान विभाग एमपी भोपाल ने जयपुर में अतिरिक्त महानिदेशक (सिविल राइट्स) जयपुर को मामला हस्तांतरित किया।एसपी के निर्देश पर दानपुर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। विशिष्ट लोक अभियोजक हेमेंद्रनाथ पुरोहित ने बताया कि पीड़िता की दौराने विचारण कोर्ट में साक्ष्य लेखबद्ध होने से पहले ही मौत हो चुकी थी। विशेष न्यायालय, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की पीठासीन अधिकारी तारा अग्रवाल ने सुनवाई और मौजूदा साक्ष्यों के आधार पर पूनमचंद को दोषी मानते हुए फैसला सुनाया। बांसवाड़ा में 10वीं की छात्रा से रेप के दोषी को गुरुवार को विशेष अदालत ने 20 साल की कठौर कैद का फैसला सुनाया। कोर्ट ने दोषी को 20 हजार रुपए जुर्माने से भी दंडित किया। मेडिकल रिपोर्ट, गवाह और मौजूदा साक्ष्यों की अहम भूमिका रही।

एकलिंगजी मंदिर में छोटे कपड़े पहनकर आने पर रोक:मिनी-स्कर्ट,नाइट सूट में नहीं कर सकेंगे दर्शन; मोबाइल पर भी लगाई पाबंदी



24 न्यूज अपडेट

प्रदेश के मंदिरों में पवित्रता को बनाए रखने के लिए मंदिरों में नए नियम लागू किए जा रहे हैं। उदयपुर के एकलिंगजी मंदिर में कपड़ों और मोबाइल को लेकर नए नियम लागू किए गए हैं। नए नियमों के तहत यहां दर्शन करने आने वाले भक्त छोटे कपड़े (मिनी स्कर्ट, बरमूडा) और नाइट सूट पहन कर दर्शन नहीं कर पाएंगे। वहीं मोबाइल ले जाने पर भी पाबंदी लगा दी गई है। उदयपुर से करीब 22 किलोमीटर दूर कैलाशपुरी गांव में एकलिंग जी मंदिर है। इन्हें मेवाड़ के आराध्य के तौर पर पूजा जाता है। मंदिर प्रबंधन की ओर से नए नियमों को लेकर बैनर शुक्रवार को परिसर में लगा दिया गया है।

मंदिर कमेटी की अपील,पवित्रता बनाए रखें

मंदिर कमेटी की ओर से जारी किए गए नए नियमों में मंदिर की पवित्रता को बनाए रखने का आग्रह किया गया है। मंदिर प्रबंधन का कहना है कि मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले कई भक्तों की ओर से इस तरह के कपड़े को लेकर शिकायत की गई थी। कहना था कि- भगवान के मंदिर में भक्तों का पहनावा ऐसा नहीं होना चाहिए। इसके बाद इस नियम को जोड़ा गया है।


खटीकवाड़ा में किसने लगाई दो गाड़ियों में आग, सीसीटीवी में आग लगाते दिखे बदमाश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के सूरजपोल थाना इलाके के खटीकवाड़ा में गुरूवार आधी रात को अज्ञात बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी दो गाड़ियों में पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। घटना का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है जिसमें दो युवक गाड़ियों में आग लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। ये युवक पहले पेट्रोल छिड़कते है और फिर अचानक आग लगा कर भाग जाते हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है। इस घटना से शहरवासी काफी आक्रोशित है। उनका कहना है कि पुलिस का खौफ खत्म हो गया है व बदमाशों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। मौके पर लोगों ने आग को बुझाने की कोशिश भी की मगर गाड़ियां जलकर राख हो गई।

बांसवाड़ा पीसीपीएनडीटी सेल प्रभारी 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. बांसवाडा। बांसवाड़ा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने आज सीएमएचओ कार्यालय में ट्रैप की कार्रवाई की है। इसमें विभाग के पीसीपीएनडीटी सेल प्रभारी एडवोकेट हरिकांत शर्मा को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। शर्मा ने लैब के लाइसेंस रिन्यूअल की एवज में रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने एसीबी में इस बारे में शिकायत की।एसीबी ने सत्यापन में इसे सही पाया। शुक्रवार सुबह टीम प्रार्थी के साथ कार्यालय पहुंची और शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि पिछले दिनों चिकित्सा विभाग की टीम ने शहर में निजी लैब की जांच का अभियान चलाया था। हाइटेक लैबोरेट्री पर भी जांच की थी तो उस लैब का पंजीयन नहीं मिला। बायोवेस्ट निस्तारण का भी कोई प्रबंध नहीं मिला। विभाग की कार्रवाई में लाइसेंस रिन्यूअल करवाया गया। उसके बाद राशि की मांग की गई थी।